भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रशन सं 1459**
13.02.2025 को उत्तर देने के लिए

## पंजाब में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां

**1459. श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण** उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या केंद्र सरकार को विगत पांच वित्त वर्षों के दौरान खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

**(ख)** यदि हां, तो पंजाब सहित तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

**(ग)** क्या सरकार ने पंजाब सहित विभिन्न राज्यों में खाद्य प्रसंस्करण सुविधाओं की आवश्यकता का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम निकले; और

**(घ)** पंजाब में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास हेतु सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जाने का विचार है?

**उत्तर**

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

**(क) और (ख):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ( एमओएफपीआई ) स्वयं कोई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित नहीं करता है। परंतु, यह देश भर में लागू अपने केंद्रीय क्षेत्र प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई), खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) और केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के माध्यम से ऐसे उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करता है। वर्ष 2019-20 से इन योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों से अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है ।

**(ग):** हालांकि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना/विस्तार के लिए कोई विशेष अध्ययन नहीं किया है, लेकिन इसने पहचाने गए क्लस्टरों में 11 फसलों के लिए विकारी उत्पादों के लिए संभावित मूल्य श्रृंखलाओं के विकास के लिए "अवसंरचना और प्रसंस्करण सुविधाओं में अंतराल की पहचान के लिए मूल्यांकन अध्ययन" शुरू किया है। इसके निष्कर्षों का संक्षिप्त विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है ।

**(घ):** पंजाब सहित पूरे देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के समग्र विकास को बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय पीएमकेएसवाई योजना, पीएलआईएसएफपीआई योजना

और पीएमएफएमई योजना के माध्यम से संबंधित अवसंरचना की स्थापना/विस्तार को प्रोत्साहित कर रहा है। ये योजनाएँ क्षेत्र विशेष नहीं हैं, बल्कि माँग आधारित हैं।

पीएमकेएसवाई के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए 15वें वित्त आयोग चक्र के लिए 5520 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ उद्यमियों को ऋण से जुड़ी वित्तीय सहायता (पूंजी सब्सिडी) प्रदान की जाती है।

पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान की जाती है । यह योजना 10,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2025-26 तक की अवधि के लिए चालू है।

पीएलआईएसएफपीआई का उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ वैश्विक खाद्य विनिर्माण चैंपियनों के निर्माण में सहायता करना तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खाद्य उत्पादों के भारतीय ब्रांडों को सहायता प्रदान करना है। यह योजना 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021-22 से 2026-27 तक की अवधि के लिए लागू है ।

इन योजनाओं का उद्देश्य खेत से लेकर खुदरा दुकान तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण करना है, जिसमें भंडारण, परिवहन, मूल्य संवर्धन आदि शामिल हैं, जिससे किसानों को बेहतर लाभ मिल सके और रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो सकें, कृषि उत्पाद की बर्बादी कम हो और प्रसंस्करण स्तर बढ़े।

पंजाब राज्य में उक्त तीन योजनाओं के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध- III** में दिया गया है ।

*****

*अनुबंध-I*

**दिनांक 13 फरवरी , 2025 को उत्तर हेतु “पंजाब में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां” के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1459 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**वर्ष 2019-20 से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों से अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण**

**क. वर्ष 2019-20 से पीएमकेएसवाई की घटक योजना के अंतर्गत राज्य सरकार से अनुमोदित परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | जिला एवं राज्य | अनुमोदन का दिनांक | परियोजना लागत ( रु . करोड़ में) | अनुमोदित अनुदान सहायता( करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **घटक योजना-मेगा फूड पार्क** | | | | | |
| 1 | मेसर्स मेघालय औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड | उत्तर गारो हिल्स, मेघालय | 23.11.2021 | 65.86 | 48.3 |
| 2 | मेसर्स तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड, | तिरुनेलवेली, तमिलनाडु | 23.06.2021 | 77.024 | 23.64 |
| 3 | मेसर्स बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण, | मुजफ्फरपुर , बिहार | 07.04.2022 | 180.57 | 45.4 |
| **घटक योजना-कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर योजना के लिए अवसंरचना** | | | | | |
| 4 | मेसर्स तिरुवन्नामलाई बाजार समिति | तिरुवन्नामलाई , तमिलनाडु | 29.04.2020 | 25.506 | 5.7487 |
| 5 | मेसर्स सेलम मार्केट कमेटी | सलेम, तमिलनाडु | 29.04.2020 | 25.252 | 5.9753 |
| 6 | मेसर्स थेनी मार्केट कमेटी | थेनी, तमिलनाडु | 29.04.2020 | 26.308 | 5.9955 |
| 7 | मैसर्स धर्मपुरी बाजार समिति | कृष्णागिरी , तमिलनाडु | 29.04.2020 | 26.826 | 5.8937 |
| 8 | मेसर्स मदुरै मार्केट कमेटी | मदुरै, तमिलनाडु | 29.04.2020 | 32.066 | 5.7912 |
| 9 | मेसर्स डिंडीगुल मार्केट कमेटी | डिंडीगुल , तमिलनाडु | 29.04.2020 | 29.018 | 6.7357 |
| 10 | मेसर्स कुड्डालोर मार्केट कमेटी | कुड्डालोर , तमिलनाडु | 29.04.2020 | 25.002 | 5.9793 |

| घटक योजना- खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार योजना | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **11** | मेसर्स गोवा बागायतदार सहकारी खरेड़ी विक्री संस्थ मर्यादित | उत्तर गोवा, गोवा | 09.07.2019 | 12.45 | 2.91 |

**ख. पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत 2019-20 से राज्य सरकार से अनुमोदित इनक्यूबेशन सेंटर और अनुमोदित मार्केटिंग और ब्रांडिंग प्रस्ताव की सूची**

**वर्ष 2019-20 से राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित इन्क्यूबेशन सेंटर प्रस्तावों की सूची**

| क्र.सं. | राज्य | ज़िला | मेजबान संस्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | दक्षिण अंडमान | एफटीसी, मरीन हिल्स, मत्स्य विभाग, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह |
| 2 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू | जम्मू एवं कश्मीर बागवानी उत्पाद विपणन निगम, नरवाल |
| 3 | जम्मू और कश्मीर | बारामुल्ला | जम्मू और कश्मीर बागवानी उत्पाद विपणन निगम, दोआबगढ़ । |
| 4 | जम्मू और कश्मीर | अनंतनाग | जम्मू और कश्मीर बागवानी उत्पाद विपणन निगम, अनंतनाग |
| 5 | लद्दाख | लेह | सामान्य सुविधा केंद्र, चुचोट , लेह |
| 6 | लद्दाख | कारगिल | सामान्य सुविधा केंद्र, चानीगौंड, कारगिल |
| 7 | महाराष्ट्र | नागपुर | नोगा फैक्ट्री, हिंगना , महाराष्ट्र एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नागपुर |
| 8 | राजस्थान | जयपुर | कृषि उत्पाद मंडी समिति , जयपुर |
| 9 | राजस्थान | जोधपुर | कृषि उत्पाद मंडी समिति , जोधपुर |
| 10 | राजस्थान | टोंक | कृषि उत्पाद मंडी समिति , टोंक |
| 11 | राजस्थान | अलवर | कृषि उत्पाद मंडी समिति,अलवर |
| 12 | राजस्थान | भीलवाड़ा | कृषि उत्पाद मंडी समिति , भीलवाड़ा |
| 13 | राजस्थान | उदयपुर | कृषि उत्पाद मंडी समिति , उदयपुर |
| 14 | सिक्किम | दक्षिण सिक्किम | एमएसएमई प्रभाग, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार |
| 15 | त्रिपुरा | दक्षिण त्रिपुरा | त्रिपुरा औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड, बेलोनिया |
| 16 | उत्तर प्रदेश | आगरा | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र , आगरा |
| 17 | उत्तर प्रदेश | बरेली | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र , बरेली |
| 18 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र वाराणसी |
| 19 | उत्तर प्रदेश | अलीगढ़ | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र , अलीगढ़ |
| 20 | उत्तर प्रदेश | अयोध्या | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र , अयोध्या |
| 21 | उत्तर प्रदेश | बस्ती | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र , बस्ती |
| 22 | उत्तर प्रदेश | गोरखपुर | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र , गोरखपुर |
| 23 | उत्तर प्रदेश | झांसी | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र , झांसी |
| 24 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र , लखनऊ |
| 25 | उत्तर प्रदेश | मेरठ | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र , मेरठ |
| 26 | उत्तर प्रदेश | मिर्जापुर | राजकीय खाद्य प्रसंस्करण एवं डिब्बाबंदी केंद्र , मिर्जापुर |
| 27 | उत्तर प्रदेश | कौशाम्बी | सरकारी खाद्य संरक्षण एवं डिब्बाबंदी केंद्र केंद्र , कौशाम्बी |
| 28 | उत्तर प्रदेश | कानपुर देहात | राजकीय खाद्य प्रसंस्करण एवं डिब्बाबंदी केंद्र , कानपुर देहात |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29 | उत्तर प्रदेश | सहारनपुर | राजकीय खाद्य प्रसंस्करण एवं डिब्बाबंदी केंद्र , सहारनपुर |

**वर्ष 2019-20 से राज्य सरकारों से अनुमोदित विपणन और ब्रांडिंग प्रस्ताव की सूची**

| क्र.सं. | संस्था का नाम | जिलों | राज्य | ब्रांड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक राज्य दलहन अभिवृद्धि मंडली लिमिटेड | कलबुर्गी | कर्नाटक | भीम |
| 2 | टेमी चाय बागान, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार | गंगटोक , मंगन , नामची , ग्यालशिंग , पाक्योंग , सोरेंग | सिक्किम | टेमी चाय |
| 3 | महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन | सभी 35 जिले | महाराष्ट्र | उमेद |
| 4 | बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन सोसाइटी | मुज़फ़्फ़रपुर , रोहतास , पटना, समस्तीपुर , मोतिहारी , दरभंगा , वैशाली , सीवान , भोजपुर , ई. चंपारण , नालंदा , बक्सर , मधुबनी , सारण और जहानाबाद | बिहार | जीविका |
| 5 | पुडुचेरी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन | पांडिचेरी और कराईकल | पुदुचेरी | नीथल |
| 6 | गोवा राज्य जैव विविधता बोर्ड | गोवा में उत्तर और दक्षिण | गोवा | गोवन |
| 7 | सरकारी फल संरक्षण कारखाना | मंगन , नामची , ग्यालशिंग और गंगटोक | सिक्किम | सिक्किम सुप्रीम |
| 8 | कर्नाटक कॉफी बोर्ड | कोडागु, चिकमगलुरु | कर्नाटक | भारत कॉफ़ी |

*अनुबंध –II*

**दिनांक 13 फरवरी , 2025 को उत्तर हेतु "पंजाब में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1459 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**अवसंरचनाऔर प्रसंस्करण सुविधाओं में अंतराल की पहचान के लिए मूल्यांकन अध्ययन के निष्कर्षों का संक्षिप्त विवरण**

| फसलें | कलस्टर | अपर्याप्त अवसंरचना |
|---|---|---|
| | **आंध्र प्रदेश** | |
| केला | क्लस्टर-1- अनंतपुरमु और कडप्पा (वाईएसआर) | राइपेनिंग चैंबर, रीफर वैन और चिप्स/आटा इकाई/प्यूरी/मूल्य संवर्धन इकाई की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधाओं के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| | क्लस्टर-2- पूर्वी गोदावरी, पश्चिमी गोदावरी, विशाखापत्तनम और विजयनगरम | |
| आम | क्लस्टर-1- अनंतपुरमु , चित्तूर और कडपा (वाईएसआर) | प्री कूलिंग, कोल्ड स्टोरेज, सॉर्टिंग/ग्रेडिंग/पैकिंग लाइन, रीफर वैन और कंसन्ट्रेट सुविधा के साथ एसेप्टिक पल्प लाइन की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधाओं/आरटीएसबी पैकिंग लाइन/आईक्यूएफ यूनिट/ब्लास्ट फ्रीजिंग यूनिट के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| | क्लस्टर-2- कृष्णा | |
| झींगा | क्लस्टर-1- पूर्वी गोदावरी, कृष्णा और पश्चिमी गोदावरी | एक्स-रे विजन ग्रेडर्स और पैकर के साथ स्वचालित ग्रेडिंग, वजन और पैकिंग, मूल्य संवर्धन सुविधा (ब्रेडेड झींगा प्रसंस्करण और मैरिनेटेड झींगा प्रसंस्करण) |
| | **असम** | |
| अनानास | क्लस्टर-1-दिमा हसाओ , पूर्वी कार्बी आंगलोंग , कामरूप और पश्चिम कार्बी आंगलोंग | प्री कूलिंग, सॉर्टिंग/ग्रेडिंग/पैकिंग लाइन, रेफरर वैन और कैनिंग लाइन के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| | **बिहार** | |
| अमरूद | क्लस्टर-1- मुजफ्फरपुर , नालंदा और पटना | कोल्ड स्टोरेज के साथ एकीकृत पैक हाउस और कन्सन्ट्रेट सुविधा के साथ एसेटिक पल्प लाइन की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा/आरटीएसबी पैकिंग लाइन |

| | | |
|---|---|---|
| लीची | क्लस्टर-1- मुजफ्फरपुर , पश्चिम चंपारण पूरबी चंपारण , सीतामढी और वैशाली , | सल्फ़िटेशन चैंबर/एसिड डिप चैंबर के साथ एकीकृत पैक हाउस और पल्पिंग, कैनिंग और बॉटलिंग यूनिट सुविधा की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा/आरटीएसबी पैकिंग लाइन/फ्रोजन पल्प के लिए डीशेलिंग और डीसीडिंग मशीन के साथ ब्लास्ट फ्रीज़िंग यूनिट |
| **गुजरात** | | |
| केला | क्लस्टर-1- आनंद , भरूच, छोटाउदेपुर , नर्मदा, सूरत और वडोदरा | राइपेनिंग चैंबर, रीफर वैन और चिप्स/आटा इकाई/प्यूरी/मूल्य संवर्धन इकाई की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधाओं के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| आम | क्लस्टर-1- नवसारी और वलसाड | प्री कूलिंग, कोल्ड स्टोरेज, सॉर्टिंग/ग्रेडिंग/पैकिंग लाइन, रीफर वैन और कंसन्ट्रेट सुविधा के साथ एसेप्टिक पल्प लाइन की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधाओं/आरटीएसबी पैकिंग लाइन/आईक्यूएफ यूनिट/ब्लास्ट फ्रीजिंग यूनिट के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| | क्लस्टर-2- जूनागढ़ और राजकोट | |
| अनार | क्लस्टर-1- बनासकांठा और कच्छ | रीफर वैन के साथ एकीकृत पैक हाउस और जूस लाइन / फ्रोजन एरिल यूनिट / फ्रेश एरिल यूनिट की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा |
| **हिमाचल प्रदेश** | | |
| सेब | क्लस्टर-1- किन्नौर , कुल्लू और शिमला | सॉर्टिंग/ग्रेडिंग/पैकिंग लाइन के साथ एकीकृत पैक हाउस, ऑप्टिकल ग्रेडर के साथ सीए स्टोर, रीफर वैन और सेकेंडरी प्रोसेसिंग जूस कंसन्ट्रेट लाइन |
| **जम्मू और कश्मीर** | | |
| सेब | क्लस्टर-1- अनंतनाग , बारामूला, बडगाम , कुलगाम , कुपवाड़ा , पुलवामा और शोपियां | सॉर्टिंग/ग्रेडिंग/पैकिंग लाइन के साथ एकीकृत पैक हाउस, ऑप्टिकल ग्रेडर के साथ सीए स्टोर, रीफर वैन और सेकेंडरी प्रोसेसिंग जूस कंसन्ट्रेट लाइन |
| **मध्य प्रदेश** | | |
| आंवला | क्लस्टर-1- छिंदवाड़ा , कटनी , रीवा , शहडोल और सीधी | मुरब्बा , पाउडर, कैंडी के एकीकृत पैक हाउस और द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधाएं |
| अमरूद | क्लस्टर-1- धार , इंदौर और खरगोन | कोल्ड स्टोरेज के साथ एकीकृत पैक हाउस और कन्सन्ट्रेट सुविधा के साथ एसेटिक पल्प लाइन की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा/आरटीएसबी पैकिंग लाइन |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| | क्लस्टर-2- भोपाल, सीहोर और विदिशा | |
| | क्लस्टर-3- ग्वालियर, मुरैना और श्योपुर | |
| संतरा / मंदारिन / किन्नू | क्लस्टर-1- आगर मालवा , राजगढ़ और शाजापुर | जूस कंसन्ट्रेट/पल्प प्रसंस्करण/तृतीयक इकाई (पेक्टिन और साइट्रस पील ऑयल) की एकीकृत पैक हाउस और द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा |
| **महाराष्ट्र** | | |
| केला | क्लस्टर-1- जलगांव | राइपेनिंग चैंबर, रीफर वैन और चिप्स/आटा इकाई/प्यूरी/मूल्य संवर्धन इकाई की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधाओं के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| अंगूर | क्लस्टर-1- नासिक और पुणे | शीत भण्डारण और सुखाने की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा सहित एकीकृत पैक हाउस |
| | क्लस्टर-2- सांगली और सोलापुर | |
| आम | क्लस्टर-1- रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग | प्री कूलिंग, कोल्ड स्टोरेज, सॉर्टिंग/ग्रेडिंग/पैकिंग लाइन, रीफर वैन और कंसन्ट्रेट सुविधा के साथ एसेप्टिक पल्प लाइन की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधाओं/आरटीएसबी पैकिंग लाइन/आईक्यूएफ यूनिट/ब्लास्ट फ्रीजिंग यूनिट के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| संतरा / मंदारिन / किन्नू | क्लस्टर-1- अकोला, अमरावती और नागपुर | जूस कंसन्ट्रेट/पल्प प्रसंस्करण/तृतीयक इकाई (पेक्टिन और साइट्रस पील ऑयल) की एकीकृत पैक हाउस और द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा |
| अनार | क्लस्टर-1- अहमदनगर, नासिक और पुणे | रीफर वैन के साथ एकीकृत पैक हाउस और जूस लाइन / फ्रोजन एरिल यूनिट / फ्रेश एरिल यूनिट की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा |
| | क्लस्टर-2- सांगली और सोलापुर | |
| **मेघालय** | | |

| | | |
|---|---|---|
| अनानास | क्लस्टर-1- री भोज<br>क्लस्टर-2 - पूर्वी गारो हिल्स और पश्चिमी गारो हिल्स | प्री कूलिंग, सॉर्टिंग/ग्रेडिंग/पैकिंग लाइन, रेफरर वैन और कैनिंग लाइन के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| **पंजाब** | | |
| संतरा / मंदारिन / किन्नू | क्लस्टर-1- बठिंडा, फाजिल्का और श्री मुक्तसर साहिब | जूस कंसन्ट्रेट/पल्प प्रसंस्करण/तृतीयक इकाई (पेक्टिन और साइट्रस पील ऑयल) की एकीकृत पैक हाउस और द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा |
| **राजस्थान** | | |
| संतरा / मंदारिन / किन्नू | क्लस्टर-1-झालावाड़ | जूस कंसन्ट्रेट/पल्प प्रसंस्करण/तृतीयक इकाई (पेक्टिन और साइट्रस पील ऑयल) की एकीकृत पैक हाउस और द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा |
| **तमिलनाडु** | | |
| आंवला | क्लस्टर-1- डिंडीगुल , थेनी और तिरुनेलवेली | मुरब्बा , पाउडर, कैंडी के एकीकृत पैक हाउस और द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधाएं |
| केला | क्लस्टर-1- कोयम्बटूर और इरोड<br>क्लस्टर-2- मदुरै, थेनी और थूथुकुडी | राइपेनिंग चैंबर, रीफर वैन और चिप्स/आटा इकाई/प्यूरी/मूल्य संवर्धन इकाई की द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधाओं के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| **त्रिपुरा** | | |
| अनानास | क्लस्टर-1- धलाई और उत्तरी त्रिपुरा | प्री कूलिंग, सॉर्टिंग/ग्रेडिंग/पैकिंग लाइन, रेफरर वैन और कैनिंग लाइन के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| **उत्तर प्रदेश** | | |
| आंवला | क्लस्टर-1- प्रतापगढ़ , प्रयागराज , बांदा, चित्रकूट | i. जूस, मुरब्बा और अन्य के कोल्ड स्टोरेज और द्वितीयक प्रसंस्करण सुविधा के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| केला | क्लस्टर-1-गोरखपुर, कुशीनगर , महराजगंज<br>क्लस्टर-2- फतेहपुर , कौशांबी | i. राइपेनिंग चैंबर, चिप्स/आटा इकाई और प्रशीतित वाहन के साथ पैक हाउस/संग्रह केंद्र; तथा<br>ii. प्यूरी यूनिट |

| | | |
|---|---|---|
| अमरूद | क्लस्टर-1- बदायूं , कासगंज , अलीगढ़, फर्रुखाबाद , एटा | i. मल्टी कमोडिटी कोल्ड स्टोरेज, सेकेंडरी प्रोसेसिंग सुविधाओं के साथ पैक हाउस [एकीकृत पल्पिंग यूनिट, जेली और अन्य] |
| आम | क्लस्टर-1-लखनऊ, उन्नाव , सीतापुर | i. प्री कूलिंग यूनिट, कोल्ड स्टोरेज, रेफ्रिजरेटेड वैन और सेकेंडरी प्रोसेसिंग सुविधा (एसेप्टिक/कैनिंग लाइन) के साथ एकीकृत पैक हाउस |
| | क्लस्टर-2-सहारनपुर, बिजनौर ,मेरठ, अमरोहा , बुलन्दशहर | |
| **पश्चिम बंगाल** | | |
| अनानास | क्लस्टर-1-दार्जिलिंग, उत्तर दिनाजपुर , जलपाईगुड़ी | जूस पीईटी बोतल पैकिंग लाइन |

*अनुबंध- III*

**दिनांक 13 फरवरी , 2025 को उत्तर हेतु "पंजाब में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1459 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**<u>पंजाब राज्य में पीएमकेएसवाई की संबंधित घटक योजनाओं के अंतर्गत प्रारंभ से ही अनुमोदित/पूर्ण खाद्य प्रसंस्करण उद्योग</u>**

| क्र. सं. | घटक योजना | अनुमोदित परियोजनाओं की संख्या | पूर्ण की गई परियोजनाओं की संख्या | अनुमोदित अनुदान सहायता ( करोड़ रुपए में ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेगा फूड पार्क | 3 | 2 | 136.43 |
| 2 | एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना | 24 | 21 | 153.55 |
| 3 | कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर योजना के लिए अवसंरचना | 3 | 1 | 20.11 |
| 4 | खाद्य प्रसंस्करण एवं संरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार योजना | 17 | 10 | 66.25 |
| 5 | बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज सृजन योजना | 4 | 4 | 12.62 |
| 6 | ऑपरेशन ग्रीन्स | 1 | 0 | 9.84 |

**<u>पंजाब राज्य में पीएमएफएमई के अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आधारित अनुमोदित प्रस्ताव</u>**

ऋण लिंक्ड सब्सिडी के साथ अनुमोदित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की संख्या : 2516

**<u>पंजाब राज्य में पीएलआईएसएफपीआई के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं पर आधारित अनुमोदित प्रस्ताव</u>**

कुल 126.31 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ अनुमोदित खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं की संख्या : 09

*****